लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अश्विन शुक्ल पक्ष, दशमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 340, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, मंगलवार, 24 अक्टूबर 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO : 05 BOTTOM

रंगकर्मी जेसी पालीवाल को समर्पित होगा तीसरा थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

प्रेसवार्ता में देवमूर्ति।

- **प्रेसवार्ता में चेयरमैन देवमूर्ति ने दी जानकारी, महोत्सव 25 अक्टूबर से होगा शुरू**

अमृत विचार : श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा में तीसरा थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष महोत्सव 25 अक्टूबर से आरंभ होगा, जो बरेली के पहले रंगकर्मी जेसी पालीवाल को समर्पित होगा।

सोमवार को रिद्धिमा में आयोजित प्रेसवार्ता में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने बताया कि इस बार का थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष बरेली में रंगमंच के संस्थापक जेसी पालीवाल को समर्पित किया गया है, जिसकी शुरुआत शायर वसीम बरेलवी करेंगे। इसके बाद रिद्धिमा की ओर से अश्वनी कुमार द्वारा लिखित और शैलेंद्र शर्मा द्वारा निर्देशित नाटक 'मैं अधर्मी क्यों... रावण' का मंचन होगा।

थिएटर फेस्टिवल का समापन 31 अक्टूबर को पंख थिएटर ग्रुप के नाटक अनकही अन-जली से किया जाएगा। इसके लेखक और निर्देशक सुप्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक मुकुल नाग हैं। सभी नाटकों की अवधि सवा घंटे है। दर्शकों की सुविधा को देखते हुए पहले दिन को छोड़कर सभी नाटकों का मंचन प्रतिदिन दो बार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की साझा विरासत को संजोने और उसे पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से रिद्धिमा ने कम ही समय में शास्त्रीय नृत्य (कथक एवं भरतनाट्यम), शास्त्रीय और सुगम संगीत (गायन एवं वादन), नाट्य कला, ललित कला एवं रंगमंच के क्षेत्र में अपनी पहचान बना ली है। प्रचलन से बाहर हो चुके वाद्य यंत्रों को संजोने के लिए यहां स्थापित इंस्ट्रूमेंट म्यूजियम प्रदेश के चुनिंदा संस्थानों में से एक है। डॉ.अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।